## न्यूज डायरी



### बिगड़ रही इमेज सुधारने सऊदी कोड़े बरसाने की सजा पर लगाएगा रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। मानवाधिकार के खराब रेकॉर्ड को देखते हुए अब सऊदी अपनी छवि सुधारता दिख रहा है। तभी यहां कोड़े बरसाने की सजा पर रोक लगाई जा रही है। यह जानकारी मीडिया में लीक हुए लीगल डॉक्यूमेंट से सामने आई है। देश की सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोड़े बरसाने की सजा को कारावास या जुर्माने में बदला जाएगा। कोर्ट में कहा गया है कि यह किंग सलमान और उनके बेटे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा शुरू किए गए मानवाधिकार रिफॉर्म का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि सऊदी की सरकार विरोधियों को जेल में डालने और पत्रकार जमाल खाशोगी की हत्या को लेकर आलोचनाओं के केंद्र में रही है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि देश में मानवाधिकार की हालत काफी खराब है।

### रमजान की नमाज कराने के बाद कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया मौलवी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। दक्षिण–पश्चिम बांग्लादेश में एक स्थानीय मस्जिद में रमजान की नमाज अदा कराने वाले मौलवी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्थानीय टीवी चौनल 'बीडीन्यूनज24' की खबर के अनुसार मौलवी ने मगुरा जिले के अडडांगा गांव में एक मस्जिद में शनिवार को रमजान की नमाज की अगुवाई की थी और इसके एक दिन बाद वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। खबर के अनुसार अधिकारी नमाज में शामिल हुए 20–25 लोगों की सूची बना रहे हैं और उनकी जांच भी की जाएगी। खबर में शालिखा उप जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तनवीर रहमान के हवाले से कहा गया कि मौलवी बाघरपरा पश्चिम गांव के हैं, जो मस्जिद से करीब डेढ किलोमीटर दूर है। इस पूरे इलाके में लॉकडाउन है।

### यमन के अलगाववादियों से रियाद समझौते का सम्मान करने का आग्रह किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। यमन में वर्षों से जंग में फंसे सऊदी अरब नीत गठबंधन ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समर्थित अलगाववादियों से रियाद शांति समझौते की शर्तों का सम्मान करने और अदन का नियंत्रण देश की अंतरराष्ट्रीय तौर पर मान्यता प्राप्त सरकार को सौंपने की गुजारिश की है। सऊदी अरब ने यह बयान ऐसे वक्त पर जारी किया है जब अलगाववादियों की दक्षिणी परिवर्तन परिषद ने फिर से दावा किया है कि उसने अदन का नियंत्रण हासिल कर लिया है। लाल सागर के तट पर बसा अदन शहर अंतरराष्ट्रीय तौर पर मान्यता प्राप्त सरकार की राजधानी है, क्योंकि सना पर बागी हुथी बलों ने कब्जा किया हुआ है। इस युद्ध ने अरब विश्व के सबसे गरीब देश को अकाल के मुहाने पर धकेल दिया। जंग में एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सऊदी अरब ने बयान में परिषद से नवंबर 2019 के रियाद समझौते की शर्तों को मानने का आग्रह किया है।

### दक्षिण अफ्रीकी जलक्षेत्र में प्रवेश करने पर चीन के छह जहाजों पर लगा जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। चीन के मछली पकड़ने वाले छह जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के जलक्षेत्र में बिना अनुमति प्रवेश करने के आरोप में जब्त कर लिया गया और उनसे जुर्माना भी वसूल किया गया। मछली पकड़ने वाले जहाजों को उत्तरी केप तट से दूर दक्षिण अफ्रीकी विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में प्रवेश करते हुए दो अप्रैल को देखा गया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी पोत निगरानी दल ने पश्चिम केप तट से दूर जहाज को रोका और उसे केप टाउन के बंदरगाह पर लंगर डालने का आदेश दिया। पर्यावरण, वन एवं मत्स्य मामला मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों को जहाज पर मछलियां नहीं मिलीं और मछली पकड़ने वाले सभी उपकरण समुद्री जीव संसाधन कानून के तहत संग्रहित थे। दक्षिण अफ्रीका समुद्री सुरक्षा प्राधिकरण ने जुर्माना वसूलने के बाद पिछले हफ्ते इन जहाजों को उनके देश रवाना कर दिया था।

# भारत ने बदले एफडीआई के नियम, भड़का चीन

## भड़के चीन ने अब दिलाई वुहान स्प्रिट की याद

**दिक्कत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोरोना वायरस संकट के बीच अपनी कंपनियों को बचाने के लिए भारत सरकार ने एफडीआई के नियम क्या बदले, चीन भड़क उठा है। चीन के दूतावास ने पहले इस बदलाव को जहां डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ बताया था, वहीं अब चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने भारत सरकार को वुहान स्प्रिट की याद दिलाई है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारत सरकार अपनी जीरो–सम गेम की मानसिकता को छोड़े ताकि दोनों देश वुहान स्प्रिट को आगे बढ़ा सकें।

ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में कहा, वुहान में औपचारिक शिखर बैठक के बाद पिछले साल चेन्नै में पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात हुई थी। चीन पहला ऐसा देश है जो कोरोना महामारी से उबर चुका है और अपनी पूरी क्षमता से भारत और



भारतीयों की मानवीय मदद कर रहा है। ऐसे में भारत को अपनी जीरो सम गेम की मानसिकता छोड़नी चाहिए और चीन के साथ सहयोग करना चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय न्याय को बरकरार रखना चाहिए। चीन अभी भी आशा करता है कि इस महामारी के बाद दोनों देश वुहान स्प्रिट के मुताबिक काम करते रहेंगे। उसने कहा, भारत सरकार ने नियम बनाया है कि भारत से सीमाएं साझा करने वाले देशों से भारत में निवेश बिना सरकार की मंजूरी के नहीं होगा, चाहे वह किसी भी सेक्टर में हो। इस संशोधित नियम का मकसद कोरोना संकट का फायदा उठाकर भारतीय कंपनियों के टेकओवर और उसमें हिस्सा खरीदने के किसी भी प्रयास से बचाना है। चूंकि चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसकी सीमा भारत से मिलती है और चीन ने बड़े पैमाने पर भारत में निवेश कर रखा है और आने वाले समय में और ज्यादा निवेश कर सकता है। इसलिए इस संशोधित नीति का मकसद साफ है।

**क्या है नया नियम?**

दरअसल, अभी तक कुछ मामलों जैसे डिफेंस, टेलिकॉम, मीडिया, फार्मास्युटिकल्स और इंश्योरेंस को छोड़ दें तो एफडीआई यानी विदेशी निवेश को सरकार की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होती थी। अब सरकार ने नियम बनाया है कि भारत से सीमाएं साझा करने वाले देशों से भारत में निवेश बिना सरकार की मंजूरी के नहीं होगा, चाहे वह किसी भी सेक्टर में हो।

**चीन की बौखलाहट बेवजहः** भारत ने जो नियम बनाए हैं, उन पर चीन ने कहा है कि कुछ खास देशों पर प्रतिबंध लगाना वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के नियमों का उल्लंघन है। देखा जाए तो भारत के नए नियम सिर्फ चीन ही नहीं, बल्कि नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और भूटान पर भी तो लागू होते हैं, लेकिन दिक्कत सिर्फ चीन को हो रही है।

## भ्रष्टाचार के एक मामले में नवाज शरीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नवाज शरीफ (70) अभी लंदन में करा रहे हैं अपना इलाज

लाहौर। पाकिस्तान की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने जमीन से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के प्रमुख शरीफ (70) अभी लंदन में अपना इलाज करा रहे हैं।

राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकारियों ने बताया कि शरीफ ने जंग समूह के प्रधान संपादक मीर शकीलुर रहमान को 1986 में गैरकानूनी तरीके से जमीन पट्टे पर दी थी, उस समय शरीफ पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री थे। एनएबी के एक अधिकारी ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा , ''जंग समूह के प्रधान संपादक मीर शकीलुर रहमान से जुड़े जमीन के एक मामले में पीएमएल–एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ एनएबी ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। शरीफ को नोटिस और प्रश्नावली भेजी गई है। लेकिन उनकी ओर से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।'' गौरतलब है कि तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले हैं।



## किम जोंग उन को लेकर अटकलों का बाजार गरम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन 11 अप्रैल के बाद पब्लिक में दिखाई नहीं दिए हैं। दुनियाभर की मीडिया में किम जोंग उन को लेकर तरह–तरह के दावे किए जा रहे हैं। ताजा मामले में एक पूर्व उत्तर कोरियाई अधिकारी ने दावा किया है कि तानाशाह किम जोंग उन मिसाइल टेस्ट के दौरान घायल हो गए थे और इसी वजह से वह दिखाई नहीं दे रहे हैं। किम जोंग उन की वर्कस पार्टी के एक अधिकारी ली जिओंग हो ने एक दक्षिण कोरिया के समाचार पत्र में लिखा कि किम जोंग उन 14 अप्रैल तक स्वस्थ थे और उन्होंने मिसाइल टेस्ट का आदेश दिया था।

## इंडोनेशिया में धड़ल्ले से बिक रहा चमगादड़, महामारी फैलने का बढ़ा खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हर दिन करीब 50 से 60 चमगादड़ बिक रहे

जकार्ता। कोरोना वायरस महामारी से पूरी दुनिया जूझ रही है। करीब 4 अरब लोग अपने घरों में कैद हैं और लाखों लोग मारे गए हैं। चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस का स्रोत चमगादड़ों का माना जा रहा है और वहां पर इसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस बीच इंडोनेशिया में चमगादड़ों की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। आलम यह है कि चमगादड़ बेचने वाली दुकानों पर सोल्ड आउट के बोर्ड लगे हैं।

जिंदा जानवरों की खरीद–फरोख्त के लिए पूरी दुनिया में कुख्यात उत्तरी इंडोनेशिया के टोमोहोन एक्सट्रीम मार्केट में कोरोना महामारी के बाद भी जिंदा जानवरों की बिक्री जारी है। इस मार्केट में काफी नमी रहती है जिससे कभी भी यहां से कोई महामारी फैल सकती है। इस बीच वैज्ञानिकों का कहना है कि इसी तरह के वातावरण वाली वुहान मार्केट से कोरोना वायरस पूरी दुनिया में फैला।

पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पेटा के सदस्यों ने अप्रैल महीने में टोमोहोन मार्केट का दौरा किया। ये लोग थाईलैंड के बैंकाक में स्थित एक मार्केट में भी गए थे। उन्होंने पाया कि इन बाजारों में फर्श खून से सनी हुई है। दुकानदार सूअर को काटकर उसे अपने खुले हाथों से लोगों को बेच रहे हैं। दुकानों के काउंटर पर सांप, कुत्ते, मेंढक और सूअर के मांस रखे हुए हैं।

टोमोहोन मार्केट में चमगादड़ बेचने वाले स्टैनली टिमबुलेंग ने कहा कि कोरोना महामारी का मेरे बिजनस पर कोई असर नहीं पड़ा है। मेरी दुकान पर अक्सर सारे चमगादड़ बिक जाते हैं। हर दिन करीब 50 से 60 चमगादड़ बिक जाते हैं। कोई महोत्सव होता है तो चमगादड़ों की यह संख्या 600 पहुंच जाती है। एक तरफ दुनियाभर में चमगादड़ों को कोरोना वायरस का स्रोत माना जा रहा है और यहां उसकी बिक्री जारी है।

### किम जोंग उन के स्वास्थ्य को लेकर लगाई जा रहीं अटकलें सही नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनका देश इस बात को लेकर आश्वस्त है कि उत्तर कोरिया में कोई ''असामान्य घटना'' नहीं हुयी है और वहां के नेता किम जोंग उन का स्वास्थ्य खराब होने को लेकर चल रही अटकलें सही नहीं हैं। दक्षिण कोरिया के एक मंत्री किम येओन–चुल ने रविवार को सियोल में एक बैठक में कहा कि दक्षिण कोरिया के पास पर्याप्त खुफिया जानकारी है जिनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया में कोई 'असामान्य घटनाक्रम' नहीं हुआ है जिससे किम जोंग उन के स्वास्थ्य के बारे में चल रही अटकलों का समर्थन मिलता हो।'' किम उत्तर कोरियाई संस्थापक और अपने दादा किम इल सुंग की 108वीं जयंती पर 15 अप्रैल को आयोजित समारोह में शामिल नहीं हुए थे। उसके बाद से उनके स्वास्थ्य को लेकर अटकलें लगने लगीं। किम का स्वास्थ्य काफी महत्व रखता है क्योंकि विशेषज्ञों को मानना है कि उनका स्वास्थ्य खराब होने से परमाणु संपन्न देश में अस्थिरता पैदा हो जाएगी। सोमवार को, किम के साथ मून की पहली शिखर बैठक के दो साल पूरे हो गए।